मालनपुर वायर एंड केबल्स प्लांट का उद्घाटन

मालनपुर, 13 अक्टूबर. लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील और पीवीसी पाइप के क्षेत्र में प्रतिष्ठित ब्रांडों में से एक सूर्या रोशनी ने आज मालनपुर में अपने नए वायर्स और केबल्स प्लांट का उद्घाटन किया.

समारोह में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी उपस्थित थे. समारोह की शुरुआत पूजा-हवन और रिबन काटने के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों ने सुविधा केंद्र का दौरा किया. यह नई सुविधा सूर्या रोशनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके तहत वह अपने पोर्टफोलियो में

विविधता लाकर उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक एवं उपभोक्ता उत्पादों की बढ़ती माँग को पूरा करना चाहती है. नई इकाई में अत्याधुनिक तकनीक और स्वचालित मशीनरी होगी, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों ही गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तारों और केबलों का उत्पादन सुनिश्चित होगा. मालनपुर संयंत्र देश भर के प्रमुख बाज़ारों की सेवा के लिए रणनीतिक रूप से स्थित है. इससे न केवल संयंत्र की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र में रोज़गार के अवसर भी पैदा होंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और मेक इन इंडिया पहल में योगदान मिलेगा.

सूर्या रोशनी लिमिटेड के अध्यक्ष जेपी अग्रवाल ने कहा कि मालनपुर वायर्स एंड केबल्स प्लांट हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है.

नई सुविधा अवसर पैदा करेगी : सिंधिया

यह गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. यह नई सुविधा हमें उच्च गुणवत्ता वाले तार और केबल बनाने में मदद करेगी जो पूरे भारत में एक मज़बूत और विश्वसनीय विद्युत अवसंरचना के निर्माण के लिए आवश्यक हैं और स्थानीय स्तर पर और अधिक अवसर पैदा करेगी. सूर्या रोशनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजू बिस्टा ने कहा कि यह प्लांट सूर्या की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है.

राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह आज

- कार्यशाला भी होगी, महापौर भी लेंगे हिस्सा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 अक्टूबर. नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 14 अक्टूबर मंगलवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन हंसध्वनि सभागार में 5वां राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह एवं कार्यशाला स्वच्छता समग्र का आयोजन किया जा रहा है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर एक बजे समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नगरीय निकायों को स्वच्छता सम्मान प्रदान करेंगे. समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी भी मौजूद रहेंगी.

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा पर आधारित विशेष फिल्म एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के डिजिटल पोस्टर का लोकार्पण भी किया जायेगा. कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रदेश के शहरी विकास के रोडमेप की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे.

एक नजर में

सहायक राजस्व निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

शहडोल. जिले की धनपुरी नगरपालिका में सोमवार दोपहर लोकायुक्त पुलिस ने एक सहायक राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया. लोकायुक्त पुलिस सूत्रों के अनुसार धनपुरी नगरपालिका के वार्ड नंबर-2 के निवासी योगेन्द्र मेहरा द्वारा अपनी भूमि पर मकान निर्माण किया जा रहा था, जिसे सहायक राजस्व निरीक्षक इंद्रबहादुर सिंह ने रुकवा दिया और दस हजार रूपए की माँग की थी. इसकी शिकायत योगेन्द्र ने लोकायुक्त पुलिस को दी. इस मामले में जांच पड़ताल के बाद लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी को तीन हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया.

बाघ शावकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

उमरिया. मध्यप्रदेश के उमरिया जिले स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक गिरे हुए सूखे पेड़ के खोह में से बचा कर निकाले गए दो बाघ शावकों को अब जंगल में जीवन व्यतीत करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इन दो बाघ शावकों का सफल रेस्क्यू कर उन्हें ताला ले जाया गया है. दोनों की उम्र लगभग 4 से 5 वर्ष है. इन शावकों को जंगल में एक जंगली बाघ कैसे जीते हैं और शिकार करते हैं, उसकी सीख दी जाएगी. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि पनपथा बफर जोन में गश्ती दल ने एक गिरे हुए पेड़ के खोह में घुसते हुए बाघ शावकों को देखा. सर्चिंग करने पर वहां किसी मादा या नर बाघ के मौजूद होने के निशान नहीं मिले.

लव जिहाद से बेटियों का हो रहा जीवन बर्बाद

महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि का बयान

मंडला. निवास क्षेत्र में अपने अल्प प्रवास पर पहुंचे महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि जी महाराज ने मुस्लिम समाज को लेकर तीखा बयान देते हुए कहा कि जो समाज अपनी ही बहनों को बहन नहीं मानता, मामा-चाचा-दादा की बेटियों से विवाह करता है, वह किसी पराई बेटी को बहन कैसे मान सकता है.

उन्होंने कहा कि आज देश में 'लव जिहाद' जैसे षड्यंत्रों से भारत की बेटियों का जीवन बर्बाद किया जा रहा है, इसलिए समाज को अब सजग और सतर्क रहना होगा.गिरी महाराज ने पत्रकारों से



- लव जिहाद से बेटियों को निशाना बनाया
- समाज को अब रहना होगा सजग और सतर्क

बातचीत के दौरान कहा कि समाज को अपनी बेटियों की सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक होना चाहिए, क्योंकि उनकी आस्था और संस्कारों को कमजोर करने के लिए छल-कपट का तंत्र सक्रिय है. उन्होंने कहा, ये कालनेमी जैसे लोग हैं, जो कहते कुछ हैं और करते कुछ और. लव जिहाद के माध्यम से हमारी बेटियों को निशाना बनाया जा रहा है. वर्तमान में महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि जी महाराज मझगांव में चल रही श्रीराम कथा महोत्सव में प्रवचन दे रहे हैं. कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर

> निवास पधारे महाराज ने समाज को सजग, एकजुट और संस्कारशील रहने का संदेश देते हुए कहा कि जब तक माताएं और बेटियां धर्म के प्रति सचेत रहेंगी, तब तक कोई भी शक्ति उन्हें भ्रमित नहीं कर सकेगी. इस अवसर पर कथा समिति के पदाधिकारियों ने महाराज श्री का पुष्पमालाओं से स्वागत किया. गांव के भक्तों ने निवास स्थान पर महाराज से आशीर्वाद लिया और संत प्रवचन को समाज की दिशा बदलने वाला बताया.

धर्म एवं सनातन संस्कृति के संदेश सुन रहे हैं.



प्रधानमंत्री मोदी की पत्नी जशोदा बेन ने किए महाकालेश्वर के दर्शन

उज्जैन. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदा बेन ने आज महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किए. भगवान का पूजन-अभिषेक मंदिर के पुजारी भारत गुरु द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया. इस अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर द्वारा जशोदा बेन का सम्मान किया गया.

दबिश से पहले 12 संदिग्ध बांग्लादेशी गायब

ग्वालियर-मुरैना बॉर्डर पर बीलपुरा गांव में रह रहे थे

ग्वालियर. ग्वालियर-मुरैना बॉर्डर पर पुरानी छावनी के बीलपुरा गांव में सालों से रह रहे 12 संदिग्ध बांग्लादेशी गायब हो गए हैं. ये पुलिस की निगरानी में थे.

इनके दस्तावेज पुलिस ने जांच के लिए भेजे थे, लेकिन पुलिस को रिपोर्ट मिलती उससे पहले ही ये सभी गायब हो गए और इन्हें पनाह देने वाला अबरार खान भी लापता है. जब पुलिस बीलपुरा गांव पहुंची तो पता लगा कि ये डेढ़ दो महीने पहले ही यहां से गायब हो चुके हैं. ये लोग पुरानी छावनी इलाके में रायरू डिस्टलरी के आसपास कचरा बीनने या अन्य मजदूरी का काम करते थे.

94 लोग संदिग्ध चिह्नित किए गए थे

ये लोग बीलपुरा में खंडहर में रहते थे. ऑपरेशन सिंदूर के बाद करीब 3 माह पहले सर्वे शुरू हुआ था. इसी सर्वे के आधार पर बंगाल, बिहार, झारखंड से आए लोगों की सूची तैयार हुई थी. इसमें ग्वालियर के 94 लोग संदिग्ध चिह्नित किए गए थे, लेकिन इस सूची के अलावा भी 12 लोग चिह्नित हुए थे, जो पश्चिम बंगाल के रास्ते ग्वालियर के पुरानी छावनी स्थित बीलपुरा गांव में रह रहे थे.इनके पास से जो दस्तावेज मिले, वह संदिग्ध थे. इन्हें पुलिस ने जांच में लिया और पश्चिम बंगाल से इनको क्रॉस चेक किया जा रहा था, लेकिन उससे पहले ही यह सभी संदिग्ध लापता हो गए.

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पुलिस ने जब पश्चिम बंगाल और बिहार से आए संदिग्ध लोगों का सर्वे शुरू किया था, तब 94 लोग चिह्नित किए गए थे. ये उनमें शामिल नहीं थे. इनके दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस ने इनकी छानबीन की थी. फिलहाल भागे संदिग्धों में से कुछ की लोकेशन चेन्नई तो कुछ की कोलकाता में आ रही है. ऑपरेशन सिंदूर के समय जब मध्यप्रदेश पुलिस का गोपनीय सर्वे शुरू हुआ और इनके दरवाजे पर पड़ताल के लिए पुलिस ने दस्तक दी, तो इन्हें पकड़े जाने का संदेह हुआ.

डीआरएम ने 6 रेलकर्मियों को किया पुरस्कृत

भोपाल, 13 अक्टूबर. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझबूझ और सजगता का परिचय देकर संभावित असामान्य घटनाओं को टालने वाले छह रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में प्रशस्ति पत्र एवं संरक्षा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने कर्मचारियों के समर्पण, सतर्कता और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मचारी रेलवे की असली पूंजी हैं, जिनकी सजगता से यात्रियों की सुरक्षा और परिचालन की विश्वसनीयता बनी रहती है. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है.

इसके लिए रेलकर्मियों को निरंतर प्रशिक्षण और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विजय शंकर गौतम, वरिष्ठ मंडल दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे.

संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित रेलकर्मी हैं

1. देवाशीष देवेस - वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर (भोपाल)
2. सूरज सिंह - वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर (भोपाल)
3. अखिलेश कुमार - कांटेवाला (मंडीदीप)
4. संदीप सिंह मेहरा - वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर (भोपाल
5. रंजन कुमार - कांटेवाला (मंडीदीप)
6. नितिन राज - इलेक्ट्रिक सिग्नल मेंटेनर (मुंगावली)

इन रेलकर्मियों ने अपनी त्वरित कार्यवाही और सूझबूझ से गंभीर दुर्घटनाओं को टालकर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की और रेलवे संपत्ति की रक्षा की.

मध्यप्रदेश के कई जिलों में मौसम शुष्क

भोपाल. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. इस दौरान अधिकतम तापमानों में कोई विशेष परिवर्तन दर्ज नहीं किया गया.

मौसम विभाग के अनुसार इंदौर, ग्वालियर, चंबल और शहडोल संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 से 3.6 डिग्री सेल्सियस तक कम रहे. वहीं भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, जबलपुर और सागर संभागों के जिलों में तापमान सामान्य से 2.7 से 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया. इस बीच उत्तर प्रदेश के मध्य भागों में 1.5 से 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है.

> मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा अब 14 डिग्री उत्तर और 72 डिग्री पूर्व से होकर कारवार, कलबुर्गी, निजामाबाद, कांकर, क्योंझरगढ़, सागर द्वीप, गुवाहाटी और 28 डिग्री उत्तर तथा 92.5 डिग्री पूर्व तक पहुंच चुकी है. दक्षिण-पश्चिम मानसून कर्नाटक, तेलंगाना और महाराष्ट्र के अधिकांश हिस्सों से, साथ ही पूरे गोवा, मध्य प्रदेश के शेष क्षेत्रों, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ भागों से वापस हो चुका है.

4 पुलिसकर्मियों को किया जिले से बाहर

जबलपुर रेंज के आईजी प्रमोद वर्मा ने की कार्रवाई

कटनी. सिवनी हवाला कांड लूट की गूंज के बीच अब कटनी पुलिस महकमे में खलबली मच गई है. जबलपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रमोद वर्मा ने कार्रवाई करते हुए कटनी जिले के चार पुलिसकर्मियों को जिले से बाहर स्थानांतरित कर दिया है.

तबादला सूची में रविन्द्र दुबे-छिंदवाड़ा, शिव पटेल-सिवनी, राजेन्द्र उर्फ अंकित उइके-नरसिंहपुर प्रशांत विश्वकर्मा-पांडुर्णा के नाम शामिल हैं. सूत्र के मुताबिक तबादले की यह कार्रवाई विभागीय अनुशासन और पुलिस की साख को बचाने के उद्देश्य से की गई है. सूत्रों का कहना है कि साइबर सेल से लेकर थानों में पदस्थ रहे ये पुलिसकर्मी पिछले कुछ समय से विभिन्न शिकायतों और संदिग्ध गतिविधियों को लेकर निगरानी में थे. आईजी कार्यालय से जारी आदेश में संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से जिले से बाहर पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं. सूत्र बताते हैं कि यह कदम पुलिस विभाग की छवि धूमिल होने की संभावनाओं को देखते हुए उठाया गया है.

> हाल ही में सिवनी जिले में सामने आए हवाला कांड के बाद जबलपुर रेंज के अंतर्गत आने वाले जिलों में कड़ी निगरानी और आंतरिक समीक्षा प्रक्रिया चल रही है. माना जा रहा है कि यह तबादले उसी सख्ती का हिस्सा हैं. सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में कटनी जिले के कुछ और पुलिस कर्मियों पर भी विभागीय कार्रवाई की तलवार लटक सकती है. वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि पुलिस बल में पारदर्शिता और अनुशासन को लेकर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा. कहा तो यह भी जा रहा है कि जिन पुलिसकर्मियों को कटनी जिले से बाहर का रास्ता दिखाया गया है.

परशुराम सेना जिलाध्यक्ष को पुलिस का नोटिस

ग्वालियर. क्राइम ब्रांच पुलिस ने परशुराम सेना भिंड के जिला अध्यक्ष देवेश शर्मा उर्फ सोनू को सोशल मीडिया पर कथित रूप से भड़काऊ पोस्ट डालने के मामले में नोटिस जारी किया है. नोटिस में 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया था, जिसका जवाब देवेश शर्मा ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत कर दिया है.ग्वालियर क्राइम ब्रांच की ओर से जारी नोटिस में कहा गया कि परशुराम सेना भिंड नाम के फेसबुक पेज से एक वीडियो पोस्ट किया गया, जो आपसी वैमनस्य बढ़ाने वाला पाया गया. नोटिस में देवेश शर्मा से यह स्पष्ट करने को कहा गया था कि क्या संबंधित फेसबुक पेज उनके द्वारा संचालित है और क्या उन्होंने ही उक्त पोस्ट साझा की है.

तैयारी | सीएम ने स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

उद्योग व रोजगार वर्ष की थीम पर मनेगा स्थापना दिवस

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एक नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उद्योग एवं रोजगार वर्ष की थीम पर मनाया जाए. आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को लेकर हुए नवाचारों और विशेष गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रस्तुतीकरण किया जाए.

रोजगार के मंदिर हैं उद्योग, की थीम के साथ कौशल उन्नयन, तकनीकी शिक्षा, उद्यमशीलता के विकास सहित युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता से

जोड़ने वाली सभी गतिविधियों का स्थापना दिवस संबंधी कार्यक्रमों में प्रभावी और आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया जाए. साथ ही प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों से अर्थव्यवस्था में आई गतिशीलता पर भी प्रस्तुतीकरण हों. स्थापना दिवस पर बीते दो वर्षों में हुए नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाए. स्थापना दिवस को राज्य उत्सव के रूप में मनाया जाए. भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ सभी जिला और संभागीय मुख्यालयों पर भी भव्य कार्यक्रम आयोजित हों. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के संबंध में मंत्रालय में सोमवार को हुई बैठक में यह निर्देश दिए. बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल प्रस्तुति देंगे.

गोवर्धन पर्व के आयोजन में गौशाला और पशुपालक बनेंगे सहभागी

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 21 अक्टूबर को गोवर्धन पर्व लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनेगा. आयोजन में गौशालाओं तथा पशुपालकों को विशेष रूप से सहभागी बनाया जाएगा साथ ही गोवर्धन पर्व पर पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां दर्ज करने और नवाचार करने वाले उद्यमियों को सम्मानित भी किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ.यादव गोवर्धन पर्व आयोजन के संबंध में सोमवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक में इस संबंध में निर्देश दिये. बैठक में बताया गया कि प्रदेश की गौ-शालाओं में गोवर्धन पर्व का सामुदायिक आयोजन होगा. गोवर्धन पर्व का मुख्य आयोजन रवीन्द्र भवन भोपाल में किया जाएगा, जिसमें गोवर्धन पूजन, परिक्रमा, अन्नकूट भोग मुख्य होगा. इस अवसर पर पशुचारक समुदायों की कला, बरेदी और ठाट्या नृत्य आदि का प्रस्तुतीकरण होगा. कार्यक्रम में जैविक उत्पादक, दुग्ध उत्पाद, गोबर आधारित शिल्प के स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही पशुपालन, कृषि, सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष व्यवस्था होगी.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14